अमर उजाला

Azamgarh News: 72 हजार के नकली नोट और तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

रौनापार थाना पुलिस ने रविवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर निबिहवा ढाला से एक व्यक्ति को नकली नोट व तमंचा के साथ पकड़ा। इसके पास से पांच सौ के 120 तो दो सौ के 60 नकली नोट बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसका संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है। पकड़ा गया व्यक्ति थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

रौनापार थाना पुलिस रविवार को क्षेत्र में चक्रमण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि निबिहवा ढाला के पास एक व्यक्ति नकली नोट और असलहे के साथ मौजूद है और कहीं जाने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही एक युवक इधर-उधर होने का प्रयास किया। घेर कर पुलिस टीम ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा व कारतूस के साथ 72 हजार रुपये के नकली नोट मिले। वह क्षेत्र में किसी को देने के लिए निकला था। युवक की पहचान थाने के हिस्ट्रीशीटर सुबाश यादव निवासी निबिहवा थाना रौनापार के रूप में की गई। पुलिस उसे कस्टडी में लेकर नकली नोट के बारे में पूछताछ करने की कवायद में जुटी है। कहां से वह नकली नोट लाया और कहां-कहां और किसे चलाने के लिए दिया आदि की जानकारी में पुलिस टीम जुटी हुई है।

मुखबिर की सूचना पर निबिहवा ढाला से एक व्यक्ति पकड़ा गया है। इसके पास से 72 हजार के नकली नोट व तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। नोट कहा से लाया गया आदि की जांच पड़ताल की जा रही है। पकड़ा गया व्यक्ति थाने का हिस्ट्रीशीटर है। - विजय प्रकाश मौर्या, थाना प्रभारी रौनापार।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/azamgarh/one-arrested-with-fake-currency-of-rs-72-thousand-and-pistol-azamgarh-news-c-258-1-svns1004-110877-2024-02-05